आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और कल पश्चिम बंगाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे।
2. पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा– पश्चिम बंगाल की कला और साहित्य ने भारत के इतिहास पर अमिट छाप छोड़ी है।
3. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप पर आयोजित किया जाएगा।
4. कल होने वाली नीट यू जी की पुनः परीक्षा को देखते हुए प्रशासन ने उम्मीदवारों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इस दौरान वे 47 हजार करोड रूपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। वे आज हुगली जिले के तारकेश्वर में पश्चिम बंग दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त भी जारी करेंगे। इसके तहत देश के नौ करोड 44 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार आठ सौ 80 करोड रुपए से अधिक की राशि सीधे अंतरित की जायेगी। वे पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल कृषि मिशन के तहत एग्री स्टैक और प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना सहित प्रमुख केन्द्रीय कृषि योजनाएं भी लागू करेंगे। कल प्रधानमंत्री कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे। योग दिवस कार्यक्रम कल सुबह साढे छह बजे शुरू होगा। श्री मोदी कल कोलकाता के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंदरगाह में स्वदेश में निर्मित तीन नौसैनिक पोत – आईएनएस दुनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का जलावतरण करेंगे।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीप समूह में रहने वाले पश्चिम बंगाल के सभी निवासियों को शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल लंबे समय से दूरदर्शी और अग्रणी लोगों की भूमि रही है, जिनके साहित्य, कला, विज्ञान और

सार्वजनिक जीवन में योगदान ने भारत के इतिहास पर अमिट छाप छोड़ी है। इस दिवस को मनाते हुए, उन्होंने विकसित भारत के विजन और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना से प्रेरित होकर, एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की अपील की है।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग शिक्षा, खेल एवं युवा मामले, ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, जनजातीय कल्याण, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद तथा अन्य संबद्ध विभागों के सहयोग से 26 से 28 जून तक कार्बाइंस कोव तट पर मानसून कार्निवल का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य पर्यटन, संस्कृति, खेल, स्थानीय परंपराओं, हस्तशिल्प, व्यंजनों और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाना है।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें 'बीच स्पोर्ट्स फेस्ट' के तहत 26 और 27 जून, को दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक कॉर्बिन्स कोव तट पर पुरुष और महिला श्रेणियों में वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट और रील मेकिंग शामिल है। इस दौरान प्रदर्शनी मैदान में फूड फेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। आवेदन पत्र पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट के लिए 23 जून, बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट के लिए 24 जून, जबकि रील मेकिंग के लिए 25 जून दिन में 11 बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती के तहत कुछ पदों के लिए रिक्तियों में संशोधन किया गया है। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर पच्चीस जून की मध्यरात्रि कर दी गई है, जबकि आवेदन पत्र में सुधार खिड़की सत्ताइस जून तक खुली रहेगी।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से मानव विज्ञान सर्वेक्षण में "चलचित्र अण्डमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल" का आयोजन कर रहा है। यह फिल्म महोत्सव कल तक जारी रहेगा। इसी कड़ी में आज दिन में 11 बजे अगंतुक और शाम साढ़े पांच बजे सरदार उधम का प्रदर्शन किया जाएगा। विभाग ने छात्रों, स्थानीय फिल्म निर्माताओं, फोटोग्राफरों, ड्रोन ऑपरेटरों, ट्रैवल व्लॉगर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, थिएटर ग्रुप्स, फिल्म क्लबों, पर्यटकों और आम जनता को इस फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

<><><><><><>

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कल 'स्वस्थ आयु के लिए योग' विषय पर द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, किरेन रिजिजू, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम सुबह 6 बजकर 20 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक चलेगा। इसके अलावा गर्ल्स स्कूल सभागार, फ्लैग प्वाइंट, नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय सभागार, जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम और टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने सभी विभागों, संस्थानों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, गैर–सरकारी संगठनों तथा आम जनता से द्वीपसमूह के निर्धारित स्थानों पर सामान्य योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में शामिल होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

कल होने वाली NEET(UG) की पुनः परीक्षा को देखते हुए, प्रशासन ने परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सहयता के लिए आपदा प्रबंधन निदेशालय स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में एक कंट्रोल रूम बनाया है। विभाग ने उम्मीदवारों को ट्रांसपोर्ट, खराब मौसम या अन्य आपातकालीन स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करने को कहा है। यह कंट्रोल रूम परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की मदद के लिए एक केंद्रीय समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। इसके लिए, स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों को Re–NEET (UG) परीक्षा 2026 से जुड़ी सहायता के लिए खास हेल्पलाइन नंबर के तौर पर तय किया गया है। उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी किसी भी सहायता के लिए 238880, 240114, 240126, 244266 या 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

इग्नू द्वारा जुलाई माह में प्रवेश सत्र के लिए मास्टर ऑफ़ साइंस इन क्लाइमेट चेंज और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन क्लाइमेट चेंज पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ये दोनों पाठ्यक्रम ODL मोड के ज़रिए कराए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार ignouadmission.samarth.edu.in पर पंजीकरण कर ऑनलाइन मोड के माध्यम से किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तारीख 15 जुलाई है। अधिक जानकारी के लिए IGNOU क्षेत्रीय केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत, मन्नारघाट में लिंग–संबंधी जागरूकता और बच्चों की सुरक्षा अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, गुड टच और बैड टच, और लिंग समानता था। इस अभियान का संचालन FNHW और जेंडर CRP राखी लकड़ा ने किया। कार्यक्रम में 35 सामुदायिक सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>